Re: Depleting water table and shortage of water in Sheohar Parliamentary Constituency ? laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सदन का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले सहित उत्तर बिहार में सुखाड़ की स्थिति की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ। इस बार मानसून की बेरुखी से पूरा उत्तर बिहार त्रस्त है तथा आधा सावन बीत जाने के बाद भी पूरा इलाका पानी के लिए तरस रहा है। तालाब, जलाशय एवं नहरें सूखने लगे है, खेतों में बड़ी बड़ी दरारें आ गई है तथा वर्षा एवं पानी के अभाव में धान की खेती बुरी तरह से प्रभावित हुई है और फसलें सूख गई है। इन सब से बिहार के किसान काफी ज्यादा परेशान है। वर्षों से बिहार में पानी की ऐसी किल्लत कभी नहीं देखी गई थी। शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले सहित उत्तर बिहार के कई जिलों में भूजल स्तर नीचे चले जाने से 100 फीट तक गहरे गड़े चापाकल से पानी नहीं आ रहा है। इससे आम लोगों के समक्ष जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यदि भूजल स्तर में गिरावट का यही क्रम जारी रहा तो स्थिति आगे और भी गंभीर हो सकती है। बिहार जैसे राज्य में भूजल स्तर में गिरावट का सबसे प्रमुख कारण बिहार में नल जल योजना में व्याप्त कमी और अनियमितताओं के चलते पानी का अपव्यय एवं बर्बादी है। अतः सरकार से अनुरोध होगा कि बिहार में व्याप्त जल संकट की स्थिति के निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा सुखाड़ के कारण किसानों के लिए उचित मुआवजा राशि दिलाई जाये।